# इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र

# हिंदी पखवाड़ा

**14-29 सितंबर. 2023**

# कार्यवाही रिपोर्ट

## आयोजक

राजभाषा कार्यान्वयन समिति
इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र
कल्पाक्कम -603 102

इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र

## हिंदी पखवाड़ा समारोह

14-29 सितंबर, 2023

राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इंगांपअकें द्वारा केंद्र में दिनांक 14.09.2023 से 29.09.2023 तक हिंदी पखवाड़ा-2023 का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार दिनांक 14.09.2023 को हिंदी दिवस कार्यक्रम पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित तृतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की ओर से उप निदेशक (राजभाषा) एवं कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी ने भाग लिया।

केंद्र में हिंदी पखवाड़ा-2023 के आयोजन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्र के निदेशक डॉ. बी. वेंकटरामन, निदेशक का संदेश जारी किया गया जिसमें निदेशक महोदय ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा यह रेखांकित किया कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग हेतु राजभाषा विभाग द्वारा प्रति वर्ष जारी किए जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना हम सबका दायित्व है। इसके लिए हमें सरकार के निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपने दैनिक कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने अपने संदेश के माध्यम से यह बताया किया कि केन्द्र में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चला रहे हैं। हिन्दी भाषा, हिन्दी टंकण तथा हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षण कक्षाएँ चलाने के साथ-साथ, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रत्येक तिमाही में हिन्दी कार्यशालाएँ भी आयोजित की जा रही हैं। निदेशक महोदय ने अपने संदेश में समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील किया कि वे सभी उपरोक्त योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएँ और अपने स्तर पर तथा अपने अनुभाग/प्रभाग/समूह के स्तर पर राजभाषा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए केन्द्र के अधिक से अधिक दैनिक कामकाज हिन्दी में करें ताकि हम सरकार की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें।

दिनांक 14/09/2023 को हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता केवल हिंदीतर भाषी के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में “अशोक के फूल” निबंध में से 250 शब्द अपने सुंदर अक्षरों में लिखने के लिए दिया गया। जिसके लिए प्रतिभागियों को 45 मिनट की अवधि प्रदान की गई थी। प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए इंगांपअकें के कार्मिक।

दिनांक 15/09/2023 को हिंदी सार-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विद्यानिवास मिश्र के निबंध 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' का एक अंश दिया गया था जिसका तीन-चौथाई भाग में सार लिखने के लिए निर्देश दिया गया। इस प्रतियोगिता हेतु 1 घंटे का समय दिया गया था। यह प्रतियोगिता भी हिंदीतर भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


हिंदी सारांश लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए इंगांपअकें के कार्मिक

इसी क्रम में दिनांक 18-9-2023 को हिंदी टंकण(कंप्यूटर) प्रतियोगिता तथा पहली बार इंगांपअकें के ड्राइवरों के लिए दिनांक 20-9-2023 को हिंदी भाषण प्रतियोगिता तथा दिनांक 21-9-2023 को हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता को आयोजन किया गया।



हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उप निदेशक (राजभाषा)

दिनांक 22/09/2023 को एकल हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागीयों ने हिंदी गानों पर अपनी सुंदर प्रस्तुती दी। इस प्रतियोगिता को पुरुष एवं महिला दो वर्गों में आयोजित किया गया ।




हिंदी गीत प्रतियोगिता के प्रतिभागी एवं निर्णायकगण

दिनांक 25/09/2023 को हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने हिंदी साहित्य एवं स्वरचित कविताओं का पाठ किया। इस प्रतियोगिता को भी हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी दो वर्गों में आयोजित किया गया।



हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता के प्रतिभागी, निर्णायक एवं श्रोतागण

दिनांक 26/09/2023 को केंद्र मे पहली बार हिंदी अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के अधिकारियों/कर्मचारियों ने काफी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान बॉलीवुड एवं साउथ की फिल्मों के गीतों, डायलॉग, क्लिप, ऑडियो/वीडियों, फिल्म के नाम एवं अन्य कई बिंदुओं को शामिल करते हुए कार्यक्रम का ऑनलाइन मॉड्यूल (एचटीएमएल में) तैयार कर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 24 टीम ने हिस्सा लिया, प्रत्येक टीम में 4 सदस्य थे।



(बाएं से) श्री अमित कुमार चौहान, वैअ/ई एवं श्री मोहित कुमार यादव, वैअ/ई ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया

दिनांक 27/09/2023 को हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान 8 विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रश्नों को ऑनलाइन मॉड्यूल ATOMS 2.0 में तैयार कर पूर्ण रूप से ऑनलाइन संचालित किया गया। इस प्रतियोगित में कुल 25 टीम ने हिस्सा लिया, प्रत्येक टीम में 4 सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम के प्रति लोगों का उत्साह काफी सराहनीय रहा।



हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण

दिनांक 29/09/2023 को हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को (क, ख) तथा (ग)- दो वर्गों में आयोजित किया गया। प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग प्रश्न-पत्र तैयार किए गए थे ।

केंद्र में आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2023 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों का उत्साह काफी सराहनीय रहा। इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कुल 11 हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन में प्रशासनिक अनुभाग, लेखा अनुभाग एवं एसआईआरडी का भरपूर सहयोग मिला जिससे कार्यक्रम को सफल रूप से संचालित किया जा सका। हिंदी दिवस समारोह एवं हिंदी प्रतियोगिताओं के संचालन एवं विजेताओं के चयन में रा.भा.का.स. के सदस्यों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष एवं सराहनीय योगदान दिया।

**हिंदी पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या-**

हिंदी पखवाड़ा के दौरान केंद्र में निम्नानुसार हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया:

| दिनांक | प्रतियोगिता का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 14-9-2023 | हिंदी सुलेख-सह-वाचन प्रतियोगिता | 55 |
| 15-9-2023 | हिंदी सार लेखन प्रतियोगिता | 19 |
| 18-9-2023 | हिंदी टंकण(कंप्यूटर) प्रतियोगिता | 13 |
| 20-9-2023 | हिंदी भाषण प्रतियोगिता | 03 |
| 21-9-2023 | हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता | 16 |
| 22-9-2023 | एकल हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता | 25 |
| 25-9-2023 | हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता | 21 |
| 26-9-2023 | हिंदी अंताक्षरी प्रतियोगिता | 24 टीमx4= 96 |
| 27-9-2023 | हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | 25 टीमx4=100 |
| 29-9-2023 | हिंदी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता | 15 |
| 29-9-2023 | हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता | 24 |
| **कुल प्रतिभागियों की संख्या** | | **387** |

***